Roll No. ....

D–3597

B. Sc. (Part I) EXAMINATION, 2020

(Old Course)

(Foundation Course)

Paper First

HINDI LANGUAGE

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

[*Minimum Pass Marks : 26*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. (अ) पल्लवन का अर्थ स्पष्ट करते हुए कुशल विस्तारक के गुणों की विवेचना कीजिए। 8

अथवा

निम्नलिखित उक्तियों में से किन्हीं **दो** विषयों का पल्लवन कीजिए :

(i) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(ii) विपत्तियाँ मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ गुरु हैं।

(iii) संगठन में शक्ति है।

(iv) जीवन के विटप का पुष्प संस्कृति है।

(v) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

(vi) जहाँ सुमति तहँ सम्पत्ति नाना।

(ब) मासिक शुल्क से छूट के लिए प्राचार्य को एक पत्र लिखिए। 7

अथवा

अनुवाद की परिभाषा देते हुए इसके स्वरूप एवं उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

2. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : प्रत्येक 1

(i) अड्डा जमाना

(ii) ईंट से ईंट बजाना

(iii) काला अक्षर भैंस बराबर

(iv) गुदड़ी का लाल

(v) दिन फिरना

(vi) आँखें खुलना

(vii) आटे-दाल का भाव मालूम होना

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए : प्रत्येक 1

(i) गढ्ढा

(ii) पश्चात

(iii) सीधा-साधा

(iv) शाशन

(v) ज्योस्ना

(vi) उलटा

(vii) आशिर्वाद

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए : प्रत्येक 1

(i) अन्न

(ii) कर

(iii) इन्द्र

(iv) अंबर

(v) कल

(vi) पक्ष

(vii) हरि

3. (अ) देवनागरी लिपि के प्रारम्भिक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए। 8

अथवा

देवनागरी शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश डालिए।

(ब) मानक हिन्दी भाषा किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख लक्षणों का विवेचन कीजिए। 7

अथवा

निम्नलिखित अमानक शब्दों के मानक हिन्दी रूप लिखिए (कोई **सात**) :

(i) शंभू

(ii) गरमी

(iii) आशा

(iv) घन्टा

(v) बैसठ

(vi) छै

(vii) प्रान

(viii) पन्द्रा

(ix) दुनिया

(x) दवाइयाँ

4. (अ) कम्प्यूटर से आप क्या समझते हैं ? विभिन्न क्षेत्रों में कम्प्यूटर की उपयोगिता लिखिए। 8

अथवा

सूचना प्रोद्यौगिकी के घटकों का वर्णन कीजिए।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **सात** के हिन्दी पदनाम लिखिए : 7

(i) Advocate

(ii) Editor

(iii) Collector

(iv) Asstt. Professor

(v) Inspector General

(vi) Senior

(vii) Speaker

(viii) Vice-Chancellor

(ix) Chief Minister

(x) Engineer

5. (अ) संक्षेपण के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

संक्षेपण लिखते समय किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।

(ब) निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देकर सारांश लिखिए : 10

गुरु से ज्ञान प्राप्त करने के लिए केवल तीन उपाय हैं—नम्रता, जिज्ञासा और सेवा। इनमें नम्रता का स्थान प्रथम है। अतः एक आदर्श विद्यार्थी को विनम्र होना चाहिए। नम्रता के साथ-साथ उसे अनुशासनप्रिय भी होना चाहिए। जो विद्यार्थी अनुशासनहीन होते हैं, वे अपने देश, अपनी जाति, अपने माता-पिता, अपने गुरुजन और अपने कॉलेज के लिए अप्रतिष्ठाकारक होते हैं। अनुशासनहीन छात्र का न तो मानसिक विकास होता है और न बौद्धिक ही, वह उन गुणों से सदैव-सदैव के लिए वंचित हो जाता है जो मनुष्य को प्रतिष्ठा के पद पर आसीन करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन का विशेष महत्व है। अनुशासित छात्र ही आदर्श विद्यार्थी की श्रेणी में आ सकता है। आज के युग का छात्र अनुशासनहीनता दिखाने में अपना गौरव समझता है, इसलिए देश में सभ्य नागरिकों का अभाव-सा होता चला जा रहा है, क्योंकि आज का विद्यार्थी ही कल का नागरिक बनता है।